लोक सभा अध्यक्ष ने राम नवमी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 24 मार्च, 2018: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने राम नवमी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में श्रीमती महाजन ने कहाः "मैं भगवान राम के जन्म दिवस राम नवमी के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। भगवान राम का संपूर्ण जीवन सदाचार, त्याग और निस्वार्थ सेवा के महान गुणों का प्रतीक था जो वर्तमान युग में भी सार्थक है। उनके जीवन से हमें उच्चादर्शों का पालन करने की प्रेरणा मिलती है। मैं आशा करती हूं कि सभी लोग इस उत्सव को परंपरागत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाएंगे और स्वयं को सामाजिक सद्भाव और मानवता के कल्याण के प्रति समर्पित करेंगे।